# BPSSC SI 2026 Exam Pattern & Syllabus

आयोजन किया जायेगा। लिखित प्रतियोगिता परीक्षा दो चरणों में होगी यथा–प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा।

**(ii)** **प्रथम चरणः– प्रारम्भिक परीक्षा–** प्रारम्भिक परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकृति के होंगे। प्रारम्भिक परीक्षा में दो सौ (200) अंकों का एक प्रश्न पत्र होगा जिसमें प्रश्नों की कुल संख्या एक सौ (100) होगी एवं परीक्षा की अवधि 2 (दो) घंटे की होगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (02) अंक दिये जायेंगे।

उक्त प्रश्न पत्र में अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, हिन्दी भाषा ज्ञान, तर्कशक्ति एवं समसामयिक मुद्दो से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। **प्रारम्भिक परीक्षा में तीस प्रतिशत (30%) से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए चयन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।**

प्रारम्भिक परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर रिक्तयों के अधिकतम दस गुणा सफल अभ्यर्थियों का चयन आरक्षण कोटिवार मेधाक्रमानुसार मुख्य परीक्षा के लिए किया जायेगा, परन्तु अर्हत्ता प्राप्त अभ्यर्थियों की प्रर्याप्त संख्या उपलब्ध न होने की स्थति में उक्त अनुपात (सभी कोटियों के समरूप) उपयुक्त रूप से कम किया जा सकेगा।

प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर एक से अधिक पालियों में परीक्षा आयोजित की जा सकती है। बहु–सत्रीय/बहु–प्रश्नपत्रीय परीक्षाओं के मूल्यांकन हेतु सामान्यीकृत (Normalized) अंकों की गणना इक्वि–पर्सेंटाइल पद्धति (Equi-Percentile Method) से की जाएगी।

**(iii)** **द्वितीय चरणः– मुख्य परीक्षा**–प्रथम चरण में आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा। मुख्य परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे।

(क) **प्रथम प्रश्न पत्र** वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होगा, जिसमें 180 मिनट (3 घंटा) के समय में दो सौ (200) प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 01 अंक दिये जायेंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जायेगा।

(ख) **द्वितीय प्रश्न पत्र** 60 मिनट (1 घंटा) का होगा, इसका पूर्णांक 50 अंकों का होगा। परीक्षा का विषय एवं प्रकार नीचे दिये गये तालिका के अनुसार होगा।

| मुख्य परीक्षा का प्रकार | | समय | अंक |
|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय परीक्षा | **प्रथम पत्र–200 अंक**<br>(i) सामान्य अध्ययन एवं समसामयिक घटना (General studies & current affairs) (50 अंक)<br>(ii) गणित एवं परिमाणात्मक कौशल (Mathematics and Quantitive aptitude) (40 अंक)<br>(iii) तार्किक एवं विश्लेष्णात्मक योग्यता (Reasoning and analytical ability) (40 अंक)<br>(iv) अंग्रेजी भाषा (English Language) (20 अंक)<br>(v) हिन्दी भाषा (Hindi Language) (20 अंक) | 3 घंटा | 200 अंक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (vi) बिहार के सामान्य ज्ञान (30 अंक)<br>**(प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जायेगा)** | | |
| विषयनिष्ठ लिखित परीक्षा | **द्वितीय पत्र–50 अंक**<br>(i) हिन्दी निबंध–15 अंक<br>(ii) अंग्रेजी निबंध–15 अंक<br>(iii) अंग्रेजी संक्षेपण (English Precis)–10 अंक<br>(iv) हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद–10 अंक | 1 घंटा | 50 अंक |

(ग) प्रथम प्रश्न–पत्र की उत्तर–पुस्तिका दो प्रतियों में होगी जिसकी एक प्रति आयोग के पास सुरक्षित रहेगी एवं एक प्रति अभ्यर्थी को दी जायेगी। दोनों पत्रों में कम से कम 30 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा के आधार पर रिक्तियों के 03 गुणा अभ्यर्थियों का चयन कोटिवार मेधा अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए किया जायेगा।

(घ) शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या में अनुपलब्धता की दशा में उक्त अनुपात को उपयुक्त रूप से कम किया जा सकेगा।

(ब) **तृतीय चरणः– शारीरिक दक्षता परीक्षा**–मुख्य लिखित परीक्षा के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों के ऊँचाई, सीना एवं वजन से संबंधित मापदण्ड की जाँच विज्ञापन के कंडिका–4.5 में वर्णित मापदण्ड के अनुरुप की जायेगी।

जो अभ्यर्थी निर्धारित मापदण्ड के अनुरुप योग्य नहीं पाये जायेंगे उन्हें असफल माना जायेगा। शारीरिक मापदण्ड के लिए कोई अंक निर्धारित नहीं होगा।

6. **मेधा सूची का निर्माणः–**

(i) अंतिम रुप से सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची, मुख्य लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर आरक्षण कोटिवार मेधाक्रमानुसार तैयार की जायेगी।

(ii) लिखित परीक्षा में दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त करने की दशा में मेधा सूची में उनके स्थान का अवधारण उनके जन्म–तिथि की वरीयता के आधार पर किया जायेगा अर्थात उम्र में वरीय अभ्यर्थी मेधा क्रम में ऊपर रहेंगे। समान अंक प्राप्त करने एवं समान जन्म–तिथि वाले दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों की दशा में मेधा सूची में उनके स्थान का निर्धारण उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अवधारित किया जायेगा अर्थात तुलनात्मक दृष्टिकोण से अधिक शैक्षणिक योग्यताधारी अभ्यर्थी मेधा क्रम में ऊपर रहेंगे। इसके बावजूद यदि एक से अधिक अभ्यर्थी समान प्राप्तांक एवं समान जन्म–तिथि वाले हों तथा समान शैक्षणिक योग्यता वाले हो तो ऐसे अभ्यर्थियों की वरीयता उनके दसवीं बोर्ड परीक्षा के प्रमाण–पत्र में यथा उल्लेखित नाम के हिन्दी वर्णमाला के क्रम के अनुसार अवधारित की जायेगी।

(iii) अंतिम रुप से चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा नियुक्ति प्राधिकार विशेष शाखा में पदस्थापित पुलिस उप–महानिरीक्षक को नियुक्ति हेतु भेजी जाएगी।